लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने अंतर संसदीय संघ की 131 वीं सभा के दौरान बांग्लादेश की स्पीकर, डॉ. शिरीन शर्मिन चौधरी से मुलाक़ात की

जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड)14अक्तूबर,2014: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज अंतर संसदीय संघ की 131 वीं सभा के दौरान बांग्लादेश की स्पीकर, डॉ. शिरीन शर्मिन चौधरी से मुलाक़ात की ।

इस मुलाक़ात के दौरान, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि भारत अपने पडोसी देशों के साथ संबंधों को अत्यधिक महत्त्व देता है। हमारे देश की सीमा से जुड़ा एक सबल,स्थिर और समृद्ध बांग्लादेश भारत के हित में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों का साँझा इतिहास और विरासत है।

बांग्लादेश की स्पीकर को इस बात का आश्वासन देते हुए कि भारत दोनों देशों के समक्ष उपस्थित चुनौतियो का सामना करने में बांग्लादेश की सरकार और जनता के साथ है, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि भारत की संसद को बांग्लादेश की संसद के सदस्यों और अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में खुशी होगी। उन्होने सांसदों के अधिकाधिक आदान-प्रदान के माध्यम से संसदीय सहयोग को बढ़ाने की इच्छा व्यक्त की ।

इस बात पर जोर देते हुए कि भारत में महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक दृष्टिसे सशक्त बनाने के लिए अनुकूल वातावरण पैदा करने में हमारे कानून और नीतियां सहायक रहे हैं, श्रीमती महाजन ने कहा कि हम संसद और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई पदों का आरक्षण करने के लिए सक्रियता से कार्य कर रहे हैं ।

डॉ शिरीन शर्मिन चौधरी ने कहा कि वह नई दिल्ली में माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई थीं। उन्होंने श्रीमती सुमित्रा महाजन को सर्वसम्मति से लोक सभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। बांग्लादेश की स्पीकर ने उन्हें आश्वासन दिया कि बांग्लादेश की सरकार और लोग बांग्लादेश की भूमि पर भारत के विरुद्ध किसी प्रकार की उग्रवादी गतिविधियाँ नहीं होने देंगे। उन्होंने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सभापति के चुनाव के दौरान बांग्लादेश के समर्थन के लिए भारत को धन्यवाद दिया और कहा कि उनका देश राष्ट्रमंडल में भारत को समर्थन देगा ।